दीपम में रोजमर्रा के कामों में प्रयुक्त होने वाले वाक्यों की सूची /

List of sentences used in everyday work in DIPAM

S.No	English Words	हिन्दी में अर्थ	Usages in English	हिन्दी में प्रयोग
1.	Advisor	सलाहकार	Guidelines for qualification for advisors has been prescribed.	सलाहकारों की अर्हता हेतु दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं।
2.	Escrow Agreement	एस्क्रो करार	Escrow Agreement is already uploaded on DIPAM website.	एस्क्रो करार पहले से ही दीपम की वेबसाइट पर डाल दिया गया है।
3.	Agreement	करार	They are agree to sign the agreement.	वे करार करने के लिए सहमत है।
4.	Allocation	आबंटन	Funds allocation is done by IFU.	निधि आबंटन आईएफयू द्वारा किया जाता है।
5.	Alternative Mechanism	वैकल्पिक तंत्र	Alternative Mechanism follows the recommendation of IMG.	वैकल्पिक तंत्र आईएमजी की सिफारिशों का अनुसरण करता है।
6.	Approval	अनुमोदन	submitted for approval.	अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
7.	Assessment	मूल्यांकन	Optimal utilization of Govt. Investment will be assessed.	सरकारी निवेश के इष्टतम उपयोग का मूल्यांकन किया जाएगा।
8.	Asset	परिसंपत्ति	ONGC assets are of Rs.500 crores.	ओएनजीसी की परिसंपत्तियां 500 करोड़ रूपए की हैं ।
9.	Asset Demonetization	परिसंपत्ति विमुद्रीकरण	Asset demonetization is the need of time.	परिसंपत्ति विमुद्रीकरण समय की मांग है।
10.	Asset monetization	परिसंपत्ति मुद्रीकरण	Asset monetization is a source of income for government .	परिसंपत्ति मुद्रीकरण सरकार के लिए आय का स्रोत है ।
11.	Asset valuer	परिसंपत्ति मूल्यांकक	Request for proposal for engagement of asset valuer has been issued.	परिसंपत्ति मूल्यांकक की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध जारी किया गया है।
12.	Authorized signatory	प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता	The certificate should be signed by the authorized signatory of the bidders.	यह प्रमाण पत्र बोलीदाता के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता दवारा हस्ताक्षारित होना चाहिए।
13.	Bid	बोली	Bid will be opened on 25/08/2019.	बोली 25/08/2019 को खोली जाएगी।
14.	Bidder	बोलीदाता	Bids are invited from interested bidder.	इच्छुक बोलीदाताओं से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।
15.	Bombay stock exchange	बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज	List of listed CPSES on Bombay Stock Exchange is enclosed.	बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध सीपीएसईस की सूची संलग्न है।
16.	Back up support	अप्रत्यक्ष सहयोग	Other professionals, providing back up support may also be indicated separately.	अप्रत्यक्ष सहयोग देने वाले अन्य पेशेवरों का विवरण भी अलग से दिया जाए।
17.	Buyer	खरीदार	Proposals are invited from interested buyers.	इच्छुक खरीदारों से प्रस्ताव आमंत्रित हैं।
18.	Cabinet	मंत्रिमंडल	Cabinet note is submitted for approval.	मंत्रिमंडल नोट अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है ।
19.	Cabinet Committee on Economic Affairs	आर्थिक कार्य संबंधी मंत्री मंडल समिति	Approval of Cabinet Committee on Economic Affairs approval is solicited.	आर्थिक कार्य संबंधी मंत्री मंडल समिति के अनुमोदन का निवेदन किया जाता है।

20.	Capital	पूंजी	Govt. Capital is increased day by day .	सरकार की पूंजी में दिन-प्रतिदिन वृद्धि हो रही है।
21.	Central Public Sector Enterprises	केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यम	Listing of Central Public Sector Enterprises on stock exchange is in progress.	केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों को स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया जारी है।
22.	Certificate	प्रमाण-पत्र	For Release of fee certificate may be provided.	शुल्क निर्मुक्त करने के लिए प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराएं जाए।
23.	Conflict of Interest	हित का टकराव	No conflict of Intrest exist till date.	आज की तिथि तक कोई हित टकराव नहीं है।
24.	Consultation process	परामर्शी प्रक्रिया	Decision is to be taken through a consultation process.	निर्णय परामर्शी प्रक्रिया के माध्यम से लिया जाएगा।
25.	Content	विषय	The content of certificate must not be changed.	प्रमाण पत्र की विषय वस्तु में कोई परिवर्तन न करें।
26.	Contour	रूपरेखा	contour of this Transaction is Broad.	इस सौदे की रूपरेखा व्यापक है।
27.	Core Group of Secretaries on Disinvestment	विनिवेश संबंधी सचिवों का प्रमुख दल	Core Group of Secretaries on Disinvestment decision will be binding.	विनिवेश संबंधी सचिवों के प्रमुख दल का निर्णय बाध्यकारी होगा।
28.	Cumulative size	कुल आकार	The Cumulative size of domestic equity issue should be at least Rs. 1000 crore.	घरेलू इक्विटी निर्गम का कुल आकार कम से कम 1000 करोड़ रूपए होना चाहिए।
29.	Demand for Grant	अनुदान मांग	Demand for Grant is submitted for approval.	अनुदान मांग अनुमोदन हेतु प्रस्तुत कर दी गयी है।
30.	Depository	न्यासी	National Investment fund is the Depository of disinvestment proceeds.	राष्ट्रीय निवेश कोष विनिवेश से प्राप्त धनराशि का न्यासी है।
31.	Dilute	विघटन	This may lead to Dilution of power.	इससे शक्ति का विघटन हो सकता है।
32.	Disinvestment	विनिवेश	Disinvestment target for F.Y 2019-20 is Rs. 85,000 crore	वित्त वर्ष 2019-20 के लिए विनिवेश लक्ष्य 85,000 करोड़ रूपए है।
33.	Disqualification	अयोग्यता	The bidder giving any materially incorrect or false information shall be disqualified.	गलत या फर्जी सामग्रीगत जानकारी देने वाले बोलीदाता को अयोग्य ठहरा दिया जाएगा।
34.	Draft note	मसौदा नोट	Draft note is under consideration.	मसौदा नोट विचाराधीन है।
35.	Drawn	आहरण	Refundable earnest money by way of a demand draft in favour of P&AO will be drawn.	वेतन एवं लेखा अधिकारी के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में प्रतिदेय शुल्क आहरित किया जाएगा।
36.	Efficient management	कुशल प्रबंधन	Efficient management of Investment shall be ensured.	निवेश का कुशल प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा।
37.	Eligilibility criteria	पात्रता मानदंड	Eligilibility criteria should be fulfilled by interested bidders.	इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा पात्रता मानदंड पूरा किया जाना चाहिए।
38.	Escrow Agreement	एस्क्रो करार	Escrow Agreement is already uploaded on DIPAM website.	एस्क्रो करार पहले से ही दीपम की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।
39.	Evaluation committee	मूल्यांकन समिति	Evaluation committee will be constituted in DIPAM.	दीपम में मूल्यांकन समिति का गठन किया जाएगा।

40.	Expenses	खर्च	All expenses will be borne by BRLMS.	सभी खर्चों का वहन बीआरएलएम दवारा किया जाएगा।
41.	Fee	शुल्क	The fee will be payable in Indian Rupees after completion of the transaction.	शुल्क का भुगतान सौदे की समाप्ति के बाद भारतीय रूपए में किया जाएगा।
42.	Quoted fee	उद्धृत शुल्क	The fee quoted should be limited to 4 decimal points.	उद्धृत शुल्क दशमलव के बाद 4 अंकों तक सीमित रहना चाहिए।
43.	Final	अंतिम	Decision of DIPAM will be final in this regard.	इस बारे में दीपम का निर्णय अंतिम होगा।
44.	Action plan	कार्य योजना	Selected Bankers will Be required to submit self-appraisal on the action plan.	चयनित बैंकरों को कार्य योजना पर एक स्व-मूल्यांकन प्रस्तुत करना होगा।
45.	Follow on public offer	अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश	Follow on public offers would be considered on a case by case basis.	अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकशों पर मामला दर मामला आधार पर विचार किया जाएगा।
46.	Financial Statment	वित्तीय विवरण	Financial Statement for last three years should be submitted.	पिछले तीन वर्षों के वित्तीय विवरण प्रस्तुत किए जाने चाहिए।
47.	Guidelines	दिशा-निर्देश	Proposal are invited as per guidelines.	दिशानिर्देशों के अनुसार प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।
48.	Identification	पहचान	CPSE for strategic disinvestment will be identified.	सामरिक विनिवेश के लिए सीपीएसई की पहचान की जाएगी।
49.	Implementation schedule	कार्यान्वयन अनुसूची	Implementation schedule is given on page no. 5.	कार्यान्वयन अनुसूची पृ.सं. 5 पर दी गई है।
50.	Incorporation	स्थापना	This department was incorporated in 1999.	इस विभाग की स्थापना 1999 में की गई थी।
51.	Indictment	अभियोग	There has been no indictment by regulatory authority against us.	हमारे विरूद्ध किसी विनियामक प्राधिकरण द्वारा अभियोग नहीं चलाया गया है।
52.	Initial Public Offering	आरम्भिक सार्वजनिक पेशकश	Initial Public Offering is a mode of disinvestment.	आरम्भिक सार्वजनिक पेशकश विनिवेश का एक माध्यम है।
53.	Interested Parties	इच्छुक पार्टियां	Interested parties may send their application form in Prescribed format.	इच्छुक पार्टियां अपने आवेदन फार्म विहित प्रारूप में भेज सकती हैं।
54.	Intermediatory	मध्यस्थ	Govt. will be assisted in selection of Intermediatories.	मध्यस्थों के चयन में सरकार की सहायता की जाएगी।
55.	Inter-se allocation	पारस्परिक निर्धारण	Details of inter-se allocation of responsibilities will be given.	उत्तरदायित्वों के पारस्परिक निर्धारण का ब्यौरा दिया जाएगा।
56.	Investors	निवेशक	Separate list of Investors of both domestic and International will be submitted.	घरेलू तथा अन्तर्राष्ट्रीय दोनों प्रकार के निवेशकों की अलग-अलग सूची प्रस्तुत की जाएगी।
57.	Joint venture	संयुक्त उद्यम	Making Investment in this Joint venture is profitable.	इस संयुक्त उद्यम में निवेश करना लाभप्रद है।
58.	Key Investors	मुख्य निवेशक	Meeting will be arranged with the key Investors.	मुख्य निवेशकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।
59.	Listed	सूचीबद्ध	Already listed profitable CPSE are to be made compliant.	पहले से ही सूचीबद्ध लाभ अर्जित

				करने वाले सीपीएसई को अनुपालक बनाया जाएगा।
60.	Loss making	घाटे में चलने वाले	Merger of loss making CPSEs is proposed.	घाटे में चलने वाले सीपीएसईस का विलय प्रस्तावित है।
61.	Majority	अधिकांश	Govt. will retain majority shareholding in all CPSEs.	सरकार सभी सीपीएसईस की अधिकांश शेयरधारिता अपने पास बनाए रखेगी।
62.	Management	प्रबंधन	Dipam follows guidelines of SEBI for management of investment.	दीपम निवेश के प्रबंधन के लिए सेबी के दिशानिर्देशों का अनुसरण करता है ।
63.	Minority	अल्पांश	Govt. will divest only minority shareholding.	सरकार केवल अल्पांश शेयरधारिता का विनिवेश करेगी।
64.	Mandate	शासनादेश, अधिदेश	Mandate of Department in as follows	विभाग का शासनादेश निम्नानुसार है।
65.	Marketing	विपणन	Prepare the strategy for marketing shares .	शेयरों के विपणन हेतु रणनीति तैयार करें।
66.	Mechanism	तंत्र	Disinvestment of CPSES by Promoters is done through stock exchange mechanism	सीपीएसईस का विनिवेश प्रवर्तकों द्वारा स्टॉक एक्सचेंज तंत्र के माध्यम से किया जाता है।
67.	Minority stake sale	अल्पांश हिस्से की बिक्री	Govt. will Pursue disinvestment through minority stake sale	सरकार अल्पांश हिस्से की बिक्री के जरिए विनिवेश करेगी।
68.	National stock exchange	नेशनल स्टॉक एक्सचेंज	Prepare List of listed CPSES on National stock exchange	नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध सीपीएसईस की सूची तैयार करें।
69.	Negotiated quotes	तय उद्धरण	payment will be made after obtaining negotiated quotes.	बातचीत दवारा तय उद्धरण प्राप्त करने के बाद भुगतान किया जाएगा।
70.	Net worth	निवल मूल्य	Not worth of 5 PSUS is Rs. 23,000 crores	पांच पीएसयूस का निवल मूल्य 23,000 करोड़ रूपए हैं।
71.	Non disclosure agreement.	गैर-प्रकटीकरण करार	Selected BRLM would be required to sign the non disclosure agreement.	चयनित बीआरएलएम को गैर-प्रकटीकरण करार करना होगा।
72.	Sister concern.	सहयोगी संस्था	No investigation is pending against us or our sister concern.	हमारे या हमारी सहयोगी संस्था के विरूद्ध कोई भी जांच लंबित नहीं है।
73.	Paid up equity	प्रदत्त पूंजी	Paid up equity of TCIL is Rs. 360 crores.	टीसीआईएल की प्रदत्त पूंजी 360 करोड़ रूपए हैं।
74.	Participant	भागीदार	All participants will have to fulfill required terms and conditions.	सभी भागीदारों के लिए निबंधन एवं शर्तों को पूरा करना अपेक्षित है।
75.	Performed	निर्वहन	All other responsibilities connected with Initial Public offering will be performed by merchant bankers.	आरंभिक सार्वजनिक पेशकश से संबंधित अन्य सभी उत्तरदायित्वों का निर्वहन मर्चेंट बैंकरों द्वारा किया जाएगा।
76.	Post issue	निर्गम पश्चात	Post issue activities will be completed.	निर्गम पश्चात सभी संबंधित कार्रवाइयां पूरी की जाएगीं।
77.	Pre market survey	विपणन पूर्व सर्वेक्षण	To generate interest among investors pre- market survey will be conducted.	निवेशकों में रूचि पैदा करने के लिए विपणन पूर्व सर्वेक्षण कराया जाएगा।
78.	Procedure	प्रक्रिया, क्रियाविधि	Procedure and implementation schedule are given below.	क्रियाविधि और कार्यान्वयन अनुसूची नीचे दी गई हैं।

79.	Proceeds	प्राप्तियां	Total Proceeds from Disinvestment of 75 % share is Rs 450 crore.	75% शेयरों के विनिवेश से कुल 450 करोड़ रूपए की प्राप्तियां हुई।
80.	Profit making	लाभार्जक	Kpl is a profit making cpse.	केपीएल लाभार्जक सीपीएसई है।
81.	Property	संपत्ति	Cumulative property of CPSE is Rs 500 crores.	सीपीएसई की संचित संपत्ति 500 करोड़ रुपए है।
82.	proposal	प्रस्ताव	Request for proposal will be submitted.	प्रस्ताव हेतु अनुरोध प्रस्तुत किया जाएगा।
83.	Public relations	जन संपर्क	Guidelines on public relations have been issued by Department of Investment and Public Asset Management.	निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग दवारा जन संपर्क संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।
84.	Public Sector Undertaking	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम	Listing of PSU on stock exchange is going on.	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध करने का काम जारी है।
85.	Qualified interested bidders	आर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदाता	Qualified interested bidders may submit their bid online.	आर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदाता अपनी बोली ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं।
86.	Qualified interested parties	अर्हता प्राप्त इच्छुक पार्टियां	Qualified interested parties may be called for pre- bid meeting.	अर्हता प्राप्त इच्छुक पार्टियां को बोली-पूर्व बैठक के लिए बुलाया जाएगा।
87.	Reapporpriation	पुनर्विनियोजन	Reapporpriation bill was passed on 03.07.2017.	पुनर्विनियोजन बिल दिनांक 03.07.2017 को पारित किया गया था।
88.	Refundable	प्रतिदेय	Earnest money is not Refundable.	धरोहर राशि प्रतिदेय नहीं है।
89.	Reimbursement	प्रतिपूर्ति	Initial filing fee will be reimbursed to merchant bankers.	मर्चेंट बैंकरों को आरंभिक फाइलिंग शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाएगी।
90.	Request for empanelment	सूची में शामिल करने हेतु अनुरोध	Request for Empanelment of law firms for advising DIPAM in legal matters has been issued.	दीपम को कानूनी मामलों में परामर्श देने के लिए विधिक फर्मों को सूची में शामिल करने हेतु अनुरोध जारी कर दिया गया है।
91.	Reserve	सुरक्षित	The Govt. Reserves the sole right to accept or reject any or all proposals.	सरकार के पास किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
92.	Scrutiny	संवीक्षा	Undersigned will scrutinize the pending cases.	लंबित मामलों की संवीक्षा अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।
93.	Secretariat	सचिवालय	DIPAM will be the secretariat of IMG.	दीपम आईएमजी का सचिवालय होगा।
94.	Selling points	बिक्री बिन्दु	Identify the key selling points for marketing the offering.	पेशकश के विपणन हेतु मुख्य बिक्री बिन्दुओं की पहचान करें।
95.	Share	शेयर , हिस्सेदारी	Govt. has sold off 30% shares of ONGC Ltd. .	सरकार ने ओएनजीसी लि. के 30% शेयरों की बिक्री की।
96.	Share holding	शेयरधारिता	After Disinvestment of 25% Shares Govt. Shareholding came down to 75 % .	25% शेयरों के विनिवेश के पश्चात सरकार की शेयरधारिता घट कर 75% रह गई।
97.	shortlisting	संक्षिप्त	Only the parties scoring predetermined marks/score out	100 में से पूर्व निर्धारित अंक प्राप्त

		सूचीबद्ध करना	of 100 will be technically shortlisted.	करने वाली पार्टियों को ही तकनीकी रूप से संक्षिप्त सूचीबद्ध किया जाएगा।
98.	Standing Committee	स्थाई समिति	A meeting of Standing Committee was held on 31/6/2018.	स्थाई समिति की बैठक दिनांक 31/6/2018 को आयोजित की गई थी।
99.	Statutory advertisement	वैधानिक विज्ञापन	Statutory advertisement will be prepared by legal advisor.	वैधानिक विज्ञापन विधिक सलाहकार द्वारा तैयार किया जाएगा।
100.	strategy	रणनीति	Suitable investment management strategy will be adopted.	उपयुक्त निवेश प्रबंधन रणनीति अपनाई जाएगी।
101.	submission	प्रस्तुतीकरण	Proposal have to be submitted as per the prescribed directions.	प्रस्तावों को निर्धारित निर्देशों के अनुसार प्रस्तुत करना होगा।
102.	Subsidiary	सहायक कंपनी	Air India has 5 subsidiaries.	एयर इंडिया की 5 सहायक कंपनियां हैं।
103.	substantial portion	सार्थक हिस्सा	Strategic disinvestment will be done by way of sale of substantial portion.	सार्थक हिस्से की बिक्री के जरिए सामरिक विनिवेश किया जाएगा।
104.	summarily	सरसरी तौर पर	Bids with conditionality will be summarily rejected.	शर्तों के साथ प्रस्तुत की गई बोली सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दी जाएगी।
105.	Supervisory committee	पर्यवेक्षी समिति	A supervisory committee will be constitute in DIPAM.	दीपम में एक पर्यवेक्षी समिति का गठन किया जाएगा।
106.	Target Investor	लक्षित निवेशक	Prepare the strategy for identification of target Investor groups.	लक्षित निवेशक समूहों की पहचान हेतु रणनीति बनाएं।
107.	Tender Notice	निविदा सूचना	Tender notice is available on DIPAM website.	निविदा सूचना दीपम की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
108.	Turn-over	कारोबार	During F.Y 2018-219 TCIL Turn over was 23,000 crores.	वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान टीसीआईएल ने 23,000 करोड़ रूपए का कारोबार किया।
109.	Unconditional	बिना किसी शर्त	The fee quoted should be unconditional	उदधृत फीस बिना किसी शर्त के होनी चाहिए।
110.	Units	इकाइयां	Big CPSES have many units .	बड़े सीपीएसईस की कई इकाइयां होती हैं।